खबर संक्षेप

## सेवा अभिलेखों को दर्ज करने दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिला पंचायत के सभा कक्ष में खंड पंचायत अधिकारियों, पंचायत समन्वय अधिकारियों एवं सहायक वर्ग-3 (शासकीय) के सेवा अभिलेखों को eHRMS (इएचआरएमएस) पोर्टल पर प्रविष्ट करने तकनीकी प्रशिक्षण प्रशिक्षक एवं तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने लोक सेवकों के सेवा अभिलेखों को नियत समय में तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए eHRMS पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। किंतु अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में समस्त जनपद पंचायतों के स्थापना प्रभारी लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को सेवा अभिलेख की प्रविष्टियों को दर्ज करने हेतु ई-दक्ष से आए हुए तकनीकी जानकार एवं प्रशिक्षक राजेश श्रीवास्तव द्वारा eHRMS पोर्टल पर सेवा अभिलेखों को दर्ज करने के संबंध में स्टेप बाय स्टेप विस्तार से जानकारी दी जाकर प्रशिक्षनार्थियों की समस्याओं और प्रश्नों का सहजता से यथोचित समाधान किया गया।

## घुमंतू मवेशियों को पकड़ने चलाया अभियान

**कटनी।** नगर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा सड़कों पर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध विशेष हांका अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। हांका टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों कुठला मुख्य मार्ग इंडिया होटल के सामने, बस स्टैंड के पास, कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने, दुगाड़ी नाला के पास, माधव नगर गेट, कटाए घाट मोड झिंझरी मुख्य मार्ग, झिंझरी चौकी के पास, बिलहरी मोड, पर सघन अभियान चलाते हुए 20 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर वाहनों के माध्यम से सुरक्षित रूप से कांजी हाउस पहुंचाया गया। वहीं रफ़ी अहमद किदवई वार्ड के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड की विभिन्न गलियों में अभियान चलाकर 6 आवारा श्वानों को पकड़कर एबीसी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई।

## सिलौंडी कॉलेज में 31 जुलाई तक होंगे एडमिशन

**सिलौंडी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शासकीय महाविद्यालय सिलोड़ी में स्नातक की कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के पास प्रवेश हेतु अंतिम अवसर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। महाविद्यालय का लक्ष्य है कोई भी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित न रहे अतः समस्त छात्र एवं उनके अभिभावक अंतिम तिथि से पहले सीधे महाविद्यालय में संपर्क कर पंजीयन से लेकर शुल्क जमा करने तक की प्रक्रिया संपन्न कर सकते हैं छात्रों की सुविधा के लिए महाविद्यालय में हेल्प सेंटर बनाया गया है जहां समस्त छात्रों को प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।प्रवेश हेतु अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2026 है ।प्राचार्य डॉक्टर रतिराम अहिरवार और नोडल अधिकारी डॉक्टर पंकज मिश्रा के प्रयासों से छात्र छात्राओं को अच्छी सुविधा मिल रही है।

## जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक कल

**कटनी।** कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हेतु सीएसआर समिति की बैठक 30 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागाक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने बैठक के दौरान सभी उद्योगपतियों से वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीएसआर मद से किए गए कार्यों एवं व्यय का विवरण तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

### प्रतिबंधित दवाओं का भी बिना पर्ची किया जा रहा विक्रय, माफियाओं का भी तगड़ा नेटवर्क

# नशे के कई रंग जिंदगी में घोल रहे जहर, बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बढ़ते नशे के कारोबार के चलते किशोरवय से लेकर युवा और बुजुर्ग तक इस दलदल में फंसे हुए हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए न सिर्फ शराब, गांजा, स्मैक का उपयोग किया जा रहा है बल्कि कई प्रतिबंधित दवाईयों का भी बेरोकटोक विक्रय किया जा रहा है। शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक में नशीले पदार्थों की उपलब्धता सहज हो गई। पुलिस अमला अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास तो कर रहा है लेकिन माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है।

नशे के लिए शराब, गांजा, स्मैक के अलावा कम खर्च में और सहज रूप से नशीली दवा, सीरप और इंजेक्शन का उपयोग भी युवा वर्ग कर रहा है जो दवा बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनाई गई है उसका उपयोग अब युवाओं द्वारा नशे के लिए किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर वाले अपने थोड़े से फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं अवैध रूप से बेंच रहे हैं। जबकि सरकार ने ऐसी दवाओं की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। युवकों में दिन-ब-दिन नशे को लेकर झुकाव बढ़ता जा रहा है। शराब, सिगरेट, गांजा के साथ अब नशे के लिए युवा नए-नए तरीके भी इजाद कर रहे हैं। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों को उपयोग नशे के रूप में होने लगा है।

### आसानी से हो रहे उपलब्ध

युवा वर्ग नशीली दवा का सेवन कर आफत मोल ले रहे हैं। जानकारों की मानें तो नशीले इंजेक्शन लगाने के 30 सेकंड के अंदर नशा हो जाता है। इसी तरह कुछ कैप्सूल और सीरप का नशा शराब जैसे दूसरे नशे की तुलना में सस्ता पड़ता है। यह हर जगह मेडिकल स्टोर में आसानी से भी मिल जाते हैं। इसे खाते समय किसी से छिपने की जरूरत नहीं पड़ती। शराब की तरह मुंह से बदबू भी नहीं आती जिससे नशे के रूप में ऐसी दवा का उपयोग किया जाता है।

### पैरालिसिस होने तक का खतरा

चिन्हित इंजेक्शन, गोलियां, सीरप के लिए डॉक्टर की पर्ची जरूरी है पर दवा विक्रेताओं द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों संचालित मेडिकल स्टोर्स की बात तो छोड़ो, शहरी क्षेत्र व जिला मुख्यालय में भी मेडिकल स्टोर्स में बिना पर्ची के दवा दी जा रही है। चिकित्सकों की माने तो प्रतिबंधित इंजेक्शन तुरंत अपना असर दिखाता है, वोनफिक्स को सूंघने से नशा आ जाता है। कोरिक्स सिरप या अन्य नशीली दवाओं के सेवन से व्यक्ति के स्नायु तंत्र, किडनी, लीवर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे पैरालिसिस होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### लत की यह भी एक वजह

जानकारों का कहना है कि पारिवारिक व आसपास के के माहौल का गहरा असर बच्चों पर पड़ता है। यदि परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार का नशा बच्चों के सामने करते हैं तो उससे बच्चों में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बड़ों की नकल करते हुए बच्चे चोरी-छिपे उसका प्रयोग करना शुरू कर देते हैं जो धीरे-धीरे आदत बन जाती है। लोग अक्सर एक-दूसरे के प्रोत्साहन, उलाहना या एक्सीपेरीमेंट की कोशिश में नशे की गिरफ्त में आ जाते है। कई लोग घरेलू कलह से परेशान होकर सिरदर्द कम करने नशे का सहारा लेने लगते हैं। वैज्ञानिकी अध्ययन में इस बात की भी पुष्टि की गई है कि नशा करने वाले पैरेंट्स के बच्चों में अपने आप ही ऐसे जीन्स उत्पन्न हो जाते हैं जिससे वे नशे की ओर खिंच जाते हैं। नशे के दुष्परिणाम भी बेहद खतरनाक होते हैं। सबसे पहले परिवार में कलह का कारण बनता है, आपसी रिश्तों में खटास पैदा करता है। नशे के आदी लत पूरी करने चोरी, लूटपाट जैसे गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त हो जाता है।

## पर्यावरण की रक्षा को लेकर सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



गुरु पूर्णिमा पखवाडा अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन मे मंगलवार को पौधेरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ विद्यार्थियों ने एक पेड़ गुरु के नाम के तहत पौधेरोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य गंगाराम राजपाल ने कहा कि हमें पेड़ की छांव चाहिए तो पौधे लगाने के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे पर्यावरण की रक्षा भी हो सकेगी। पौधों से पर्यावरण भी शुद्ध भी रहेगा। हमें साफ हवा भी मिल सकेगी। वर्तमान में पेड़ बचाना बहुत जरूरी हो गया है। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन उनकी जगह नए पेड़ नहीं लगा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा को लेकर सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए। पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

उन्होंने कहा हम जन्मदिन एवं किसी शुभ अवसर पर इस बात का संकल्प लें कि ऐसे विशेष अवसरों पर पौधरोपण जरूर करेंगे। इससे हमें यह सीख भी मिलेगी कि हमारा जीवन भी फूल की तरह सदैव खिलता रहे। पौधरोपण करने से ही प्रदूषण कम हो सकेगा। इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। इस समय हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है। यदि हमने पौधे नहीं लगाए व उनका ध्यान नहीं रखा तो आने वाले समय में हमें आक्सीजन की कमी एवं अनेक बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। आज पृथ्वी पर लगातार पेड़ कटने की वजह से प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। अब भी समय है अधिकाधिक पौधे लगाकर हम पर्यावरण को बचा सकते हैं। पौधरोपण के जरिए ही हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। इस मौके पर पौधरोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेकर वृक्षों को न काटने और उन्हें बड़े होने तक रखरखाव का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अमृता दुबे, ईको क्लब प्रभारी सुश्री प्रीति परस्ते, वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र दुबे, अमित कुमार हल्दकार , रत्नेश जैन, मनोरमा राणा, राजकमल,ज्योति आदि मौजूद रहीं।

## हजार करोड़ की घपलेबाजी के मामले में राजफाश के लिये जांच हुई और तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक की पारिवारिक कंपनियों से करीब 1000 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी के मामले में कथित षड़यंत्रकारी रायपुर निवासी महेन्द्र गोयनका को कोलकत्ता पुलिस ने दस दिनों की रिमांड पूरी होने पर मंगलवार को कोलकत्ता कोर्ट में पेश किया। न्यायालय में दोनों पक्षों की बहस एवं पुलिस के द्वारा अब तक की गई जांच से संतुष्ट होकर एवं पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच के लिए मुख्य आरोपी महेंद्र गोयनका को पुनः रिमांड जारी करने का आग्रह किया जिस पर कोर्ट ने महेंद्र गोयनका को पुनः चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा दिया है । अब दिनों की पुलिस रिमांड मिलने के बाद कंपनियों को हड़पने, करोड़ों रुपये के वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार तथा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी पर अवैध कब्जा करने के आरोपों की जांच अब और तेज होने की संभावना है।

### सभी पहलुओं की पड़ताल

सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी को अब तक की पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। पुलिस का मानना है कि कंपनी के स्वामित्व, वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों में कथित हेरफेर से जुड़े तथ्यों की पुष्टि के लिए आरोपियों से आगे भी विस्तृत पूछताछ आवश्यक है। जांच के दायरे में कंपनी के वित्तीय अभिलेख, बैंकिंग लेन-देन, संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा कथित रूप से तैयार किए गए कूटरचित दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए सभी संबंधित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## चोरी की बाइक बरामद, चोरी करने वाले को भेजा जेल

**कटनी।** बिलहरी पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद की है। आरोपित ने बाइक का रंग तक बदलवा दिया था। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में बाइक चोरी के मामले की लगातार जांच की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए संदिग्धों पर निगरानी बनाए रखी। 28 जुलाई 2026 को विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस ने असलम पिता निसार अली (24 वर्ष), निवासी राजा सलैया, थाना बाकल, जिला कटनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बिलहरी तालाब के पास से बाइक क्रमांक MP 21 MD 0491) चोरी की थी। पहचान छिपाने के लिए उसने बाइक का रंग भी बदलवा दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर वाहन की बरामदगी कर उसे जब्त कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से अन्य वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

## दलदल बनी सड़क, आवागमन जोखिमभरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवराकलां में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों और पंचायत के पदाधिकारियों के बीच विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव से मुख्य सड़क तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से जर्जर और कीचड़ से भरा हुआ है। बरसात के दिनों में यह रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और आम नागरिकों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन स्थायी समाधान के बजाय केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है जिससे कीचड़ की संभावना ओर बढ़ जाती है । जिसके कारण बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, दोपहिया और चारपहिया वाहन अक्सर कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।ग्रामीणों ने प्रशासन को आवेदन देकर सड़क का तत्काल निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण, सड़क निर्माण एवं मरम्मत पर निर्माण एजेंसी द्वारा खर्च की गई राशि की पारदर्शिता हो तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

सरपंच और संबंधित इंजीनियर का कहना है कि गांव के अंदर से मुख्य सड़क तक पहले से ही सीसी सड़क बनी हुई है। उनके अनुसार, जिस मार्ग की मांग ग्रामीण कर रहे हैं वह ग्रेवल (कच्चा) मार्ग है और वहां कोई आबादी नहीं है। इसलिए नियमानुसार उस स्थान पर नई सड़क का निर्माण संभव नहीं है।

## 21 लाख के निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में बिरसा मुंडा वार्ड क्रमांक 02 में लगभग 21.15 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्ही बाई तुलाराम गौंटिया सहित जनप्रतिनिधियों ने वार्ड में स्थित संतोषी माता मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चन के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

यह नाली निर्माण कार्य शीला पटेल के मकान से पाल बुंदेला के फार्म हाउस तक कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से भी स्थायी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नाली निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्ही बाई गौंटिया ने अपने संबोधन में कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा होते देख उन्हें अत्यंत प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा बरसात के दौरान होने वाली जलभराव एवं गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

### इंद्र एवं वैधृति योग में मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा

## गुरु पूर्णिमा पर आज होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम, आश्रमो में व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का एक विशिष्ट पर्व है। यह पर्व गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी पर्व है।गुरु पूर्णिमा महोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे भव्यता व उत्साह के साथ 29 जुलाई को मनाई जाएगी जिसको लेकर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के गुरु आश्रमों में तैयारियां जारी है।

स्लीमनाबाद के भेड़ा स्थित प्रभु कृपा सदन धाम मैं गुरु चरणों मे शीश नवाने जिले के अलावा दूसरे जिलों से भी शिष्यों का सैलाब उमड़ेगा।प्रभु कृपा सदन धाम भेड़ा मे गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रात 10 बजे से शाम 6 बजे तक गुरु



दर्शन,पादुका पूजन,आशीर्वचन व भजन संकीर्तन होंगे।साथ ही दोपहर 12 बजे से देर शाम तक भंडारा आयोजित होगा जिसमे प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। साथ ही हरिदास ब्रजधाम कोहका में गुरु पूर्णिमा पर्व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर ओर टिकुरी सलैया प्यासी स्थित बाबा हरिदास मंदिर मे गुरु पूर्णिमा भव्यता के साथ मनाया जायेगा। वही गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्लीमनाबाद में अखंड रामचरित मानस पाठ की शुरुआत होगी जो पूरे श्रावण मास से चलेगी।

### बांधा मंदिर में महाआरती

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा व्यास पूजा के पवित्र अवसर पर अखंड ब्रह्मांड जगत गुरु भगवान श्री राधा कृष्ण, आदि शक्ति मां गायत्री, भगवान भोलेनाथ, विघ्न विनाशक गणेश एवं भगवान हनुमान की भव्य महाआरती सायं 7:00 बजे होगी साथ ही संकीर्तन एवं प्रसाद वितरण होगा। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने समस्त धर्म प्रियजनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरुवार के दिन पड़ने के कारण इसका महत्व बढ़ रहा है!इसके अलावा इस दिन इंद्र योग और वैधृति योग का भी शुभ संयोग बन रहा है। यह दिन विशेष रूप से महर्षि वेदव्यास को समर्पित है!गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ी पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।गुरु पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान करना व दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि ऐसा करने से पापों से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### सौंदर्यीकरण के साथ उपयोगिता पर विशेष फोकस

## कटाए घाट रिवर फ्रंट विकास कार्यों, सुरम्य पार्क की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के सार्वजनिक स्थलों को आधुनिक, आकर्षक और नागरिक सुविधाओं से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार को कटाए घाट रिवर फ्रंट के विकास कार्यों, सुरम्य पार्क की व्यवस्थाओं जगन्नाथ चौक में कराए जाने वाले सौंदर्यीकरण कार्य के स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अमृत योजना के तहत कटनी नदी के किनारे विकसित किए जा रहे रिवर फ्रंट के पिचिंग, पाथ-वे, रेलिंग, गार्डन एवं बैठक व्यवस्था की प्रगति का जायजा लिया गया।

निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्राकृतिक संरचना और हरित वातावरण को ध्यान में रखते हुए यहां योगाभ्यास एवं ओपन जिम की सुविधा विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त स्थल पर नागरिकों के बैठने के लिए आकर्षक व्यवस्था, व्यापक पौधारोपण और समुचित प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

निगमायुक्त ने पिचिंग कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ ही सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन करने और समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कटाएघाट स्थित सुरम्य पार्क का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया । उन्होंने पार्क को अधिक आकर्षक बनाने एवं नागरिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था हेतु कलरफुल बेंच लगाने, पेड़ों पर रंगीन के अपेक्षा नेचुरल कलर करने, झील की सफाई कर उसे प्राकृतिक स्वरूप देने और फिश पॉन्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही टूटे हुए पेवर ब्लॉक की मरम्मत और पूरे परिसर में सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि शाम के समय भी नागरिक यहां सुरक्षित रूप से समय बिता सकें।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कहा कि नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित न होकर नागरिकों के लिए लंबे समय तक सुरक्षित, सुविधाजनक और उपयोगी होना चाहिए।उन्होंने कहा कि कटाए घाट क्षेत्र को शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन और पर्यटन का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

### जगन्नाथ चौक का होगा सौंदर्यीकरण

जगन्नाथ चौक में कटनी नदी पुल के पास विधायक निधि से विकसित किए जाने वाले रिक्त स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा से निगमायुक्त को अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री संजय मिश्रा, मोना करेरा, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर 2900 का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 42 संत कंवरराम वार्ड के माधव नगर मेन बाजार क्षेत्र एवं इंदिरा गांधी वार्ड के बस स्टैंड क्षेत्र में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अभियान के दौरान दीपक मोटवानी, शंकर मोटवानी, राकेश जैसवानी, शंकर भोजनालय, आकाश धमीजा, अजय प्रजापति एवं मां प्रोविजन पर गंदगी फैलाने के कारण 200-200 रुपये तथा शराब दुकान पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं अभियान के दौरान इंदिरा गांधी वार्ड बस स्टैंड क्षेत्र में पांच लोगों के विरुद्ध 1 हजार का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 2 हजार 900 रुपये का स्पॉट फाइन वसूल किया गया। यह कार्रवाई स्वच्छता निरीक्षक दीपक अग्निहोत्री के नेतृत्व में की गई। अभियान में वार्ड दरोगा विनय अर्खेल, संदीप कुंडे, सोहन बिरहा, लीलाधर अर्खेल एवं संदीप मोगरे, मनोहर चमकेल उपस्थित रहे। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने तथा निर्धारित व्यवस्था का पालन न करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास ने समाज में समानता और भाईचारे की रखी नींव

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में ₹समरसता संकल्प अभियान₹ की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, भारत माता,पितृ पुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि कर हुआ। कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए सुखदेव चौधरी ने रविदास महाराज के जीवन, विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला गया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि गुरु रविदास ने ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ का संदेश देकर समाज में समानता और भाईचारे की नींव रखी। रविदास जी की 650वीं जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के सभी मंडलों, शक्ति केन्द्रों पर भी विशेष रूप रविदास जी का पूजन कार्यक्रम मनाया जाएगा ये सब भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा ,भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सेवा के भाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### नशे में वाहन चलाने पर न्यायालय ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना पुलिस ने शराब के नशे में चार पहिया वाहन चलाने वाले चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) ने 10,000 रूपये का अर्थदंड लगाया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 26 जुलाई को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बिना नंबर की महिंद्रा थार चला रहे चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते पाया। पुलिस ने चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने चालक पर 10,000 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। निर्धारित जुर्माना जमा करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार वाहन सुपुर्द कर दिया गया।

### पिछले साल की तुलना में इस साल 48.2 फीसदी कम वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 28 जुलाई तक कुल 350.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 675.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 903.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 664.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 361.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 523.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 190.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 212.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 248.2 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 323.9 मिमी एवं स्लीमनाबाद तहसील में 664.4 मिमी तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 272.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों के लिए राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2027 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 6 माह का निःशुल्क आवासीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

### उमरियापान आईटीआई प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस, एक सप्ताह में भवन शिफ्टिंग के निर्देश

# राशन दुकानों में खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं पर दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता और कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान उमरियापान आईटीआई भवन के स्थानांतरण में हो रही देरी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद भवन शिफ्टिंग नहीं होने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने प्राचार्य संत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही आईटीआई के नोडल प्राचार्य देवेश मिश्रा को एक सप्ताह के भीतर भवन स्थानांतरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों का गहन विश्लेषण करें और जिन हल्कों में शिकायतें अधिक हैं, वहां फील्ड विजिट कर समस्याओं का समाधान करें। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा, खनिज, सहकारिता तथा महिला एवं बाल विकास विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण में हीलाहवाली बरतने वाले अधिकारियों के क्रियाकलाप पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये विभागाध्यक्षों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

#### जनशिकायतों पर विशेष फोकस

टीएल पत्रों की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा, वन, पीडब्ल्यूडी, खनिज और सहकारिता विभागों से जुड़ी लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जनशिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### जिले में टीबी के 1510 मरीज

जिले में संचालित टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए जिला टीबी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में लगभग 1510 सक्रिय मरीज हैं। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने "निक्षय मित्र" अभियान के तहत शेष विभागों को शीघ्र फूड बास्केट राशि जमा करने और टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को स्वास्थ्य विभाग के लंबित स्थापना प्रकरणों का समय पर निराकरण करने तथा सभी स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार लाने के निर्देश भी दिए।

#### किसानों को न हो परेशानी

बैठक में मूंग एवं उड़द उपार्जन, खाद की उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था और वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाए। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरुस्ती जैसे राजस्व मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, फार्मर आईडी बकेटिंग और तहसीलवार डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा कर प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

#### छात्रावासों के निरीक्षण में लापरवाही पर नाराजगी

जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रावासों और आवासीय शिक्षण संस्थाओं में गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन आदेशों को संबंधित अधिकारियों तक समय पर नहीं पहुंचाने पर कलेक्टर ने जिला संयोजक ट्राइबल के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया और सभी अधिकारियों को समयबद्ध निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में समस्त एसडीएम, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन सिंह कुरील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भूकंप सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की दी जानकारी

**कटनी।** मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस टाउन कटनी द्वारा 'आपदा मित्र' योजना के तहत 150 स्वयंसेवकों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से वन मंडलाधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण कक्ष में प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण 27 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन मण्डलाधिकारी गर्वित गंगवार का स्वागत जिला डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट राजेंद्र सिंह बघेल एवं प्लाटून कमाण्डर विजयांश चौधरी ने किया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट राजेन्द्र सिंह बघेल ने ₹भूकंप की जानकारी एवं सुरक्षा के उपाय₹ विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। वहीं प्लाटून कमाण्डर श्री विजयांश चौधरी ने डिजास्टर मैनेजमेंट के नियम, आपदा प्रबंधन प्रणाली एवं राहत-बचाव कार्यों की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान की।

*कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण*

## जन सुनवाई में 190 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई समस्याएं, निराकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 190 की समस्याएं पूरी गंभीरता, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में राजस्व विभाग से भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार एवं अन्य प्रकरण प्रमुख रहे। वहीं शिक्षा विभाग से हाईस्कूल बड़ागांव में प्रवेश न मिलने शिकायत प्राप्त हुईं। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास से लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर बदलने सम्बंधित, पेंशन विभाग से 100 फीसदी पेंशन व ग्रेजुयटी का भुगतान न किए जाने के संबंध में व वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किए जाने सम्बंधित और पीएम आवास योजना की नई सूची में नाम जुड़वाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

#### तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर करें निराकरण

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### मंत्रोच्चार के साथ नंदीश्वर विधान का हो रहा आयोजन



श्री 1008 चन्द्रप्रभ दि.जैन सिंघई मंदिर में 1008 नंदीश्वर विधान का 10 दिवसीय भव्य आयोजन पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा हैं। आयोजन में प्रतिदिन प्रातः श्रीजी का मस्तकाभिषेक पूजन,विधान एवं रात्रि में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी प्रमोद जैन कक्का ने बतलाया कि यह आयोजन अष्टानिका महापर्व के अवसर पर विधान किया जाता है और ये वर्ष में तीन बार आषाढ,कार्तिक,फाल्गुन के महिने में होता है। इसमें अकृत्रिम जिन चैत्यालयों के मध्य लोक में स्थित नंदीश्वर दीप की वंदना की जाती है। आयोजन को सफल बनाने प्रमोद जैन देव कुमार, विजय कुमार विश्व, रमेशंचद भजन सागर, स.सि.शांति कुमार, स.सि.अनिल कुमार स.सि.सनत कुमार, के साथ बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धालुजन पुण्य लाभ ले रहें है। इसी तारतम्य में श्री 1008 पार्श्वनाथ दि.जैन बड़े मंदिर में रश्मि आलोक जैन, मेद्या स्वप्निल जैन, संगीता एडवकोकेट आलोक जैन के परिवार के द्वारा नंदीश्वर विधान का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसका संचालन पं.शैलेन्द्र जैन एवं राजू जैन हल्दी द्वारा किया जा रहा है।

## मारपीट के मामले में फरार 3 आरोपित गिरफ्तार, जुआ खेलते चार पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला पुलिस ने फरार आरोपियों और जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया। वहीं चाका बायपास पर जुआ खेल रहे चार लोगों को पकड़कर उनके कब्जे से 1,120 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

पुलिस के अनुसार 18 जून को दर्ज मारपीट के मामले में कैलवारा निवासी रामसुजान साहू, लवकुश साहू और ओमप्रकाश साहू फरार चल रहे थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एक अन्य कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर चाका बायपास स्थित राधे के टपरे के पास छापा मारकर कमल चौधरी, शोभित साहू, आकाश कोल और शेबू खान को जुआ खेलते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों द्वारा मार्ग पर हंगामा करने पर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई।

*महिला थाना पुलिस ने की कार्यवाही, एक साल से फरार था आरोपित*

## नाबालिग से दुष्कर्म के फरार आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दुष्कर्म के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारंटी समीम खान उर्फ नसीम खान को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी महिला थाना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश पर लंबे समय से फरार स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तलाश और अधिक से अधिक वारंट तामील कराने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार फरार वारंटियों की तलाश कर रही थी। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर एवं उनकी टीम ने पिछले एक वर्ष से चिन्हित प्रकरण तथा विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम में पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामले के स्थायी वारंटी समीम खान उर्फ नसीम खान पिता शहीद खान, 26 वर्ष, निवासी अल्फर्टगंज थाना कोतवाली हाल निवासी बंधवा टोला थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम कटनी श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत में सत्र प्रकरण क्रमांक 42/2021 लंबित है। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376(3) भारतीय दंड संहिता तथा धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वह पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही थी।

दिनांक 26 जुलाई 2026 की शाम महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर को मुखबिर से सूचना मिली कि स्थायी वारंटी समीम खान उर्फ नसीम खान बंधवा टोला क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर, उपनिरीक्षक मानसिंह मार्को, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद गौतम, सुनील वर्मा तथा आरक्षक क्रमांक 569 सोमनाथ कुर्मी की भूमिका रही।

### जैविक कीटनाशक बनाने एवं उपयोग की बताई गई विधि

## विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जैविक खेती का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. श्रीमती सुमन पुरवार के सहयोग से संपन्न हुआ।

#### दी गई विस्तृत जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं हार्मोन का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ग्राम स्तर पर उपलब्ध संसाधनों जैसे कचरा, गोबर, फसल अवशेष, पत्तियां एवं डंठल आदि से जैविक खाद तैयार की जाती है। साथ ही गोमूत्र एवं पत्तियों से जैविक कीटनाशक बनाकर फसलों में उपयोग करने की विधि भी समझाई गई।

विशेषज्ञ ने जैविक खेती एवं रासायनिक खेती के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए दोनों के लाभ एवं हानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है, जलधारण क्षमता बढ़ती है, सिंचाई अंतराल में सुधार होता है तथा बाजार पर निर्भरता कम होती है। इसके साथ ही फसल उत्पादन लागत में कमी आने से किसानों की आय में वृद्धि संभव होती है। प्रशिक्षण में जीरो बजट फार्मिंग की अवधारणा पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इनके अत्यधिक उपयोग से भूमि की गुणवत्ता, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही देसी गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इसके गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं तथा गोमूत्र में 33 प्रकार के उपयोगी तत्व मौजूद होते हैं, जो जैविक खेती के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे भविष्य में स्वरोजगार के रूप में अपनाने की रुचि व्यक्त की।

### रोजगार मेले का आयोजन 31 जुलाई को

**कटनी।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय कटनी द्वारा 31 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियाँ भाग लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनका चयन करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने साथ आधार कार्ड, शैक्षणिक अंकसूचियाँ एवं प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। युवक-युवतियों से रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी कमल मौर्य के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस द्वारा जिलेभर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विशेष सुरक्षा, चेकिंग एवं फ्रिस्किंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर पुलिस बल का नेतृत्व किया तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, पार्क, सुनसान एवं शैडो एरिया सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। पुलिस टीमों ने देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त प्रतीत होने वाले लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया। आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ उनके पास मौजूद सामान की भी विधिवत तलाशी ली गई। पुलिस ने अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच कर अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या घटना की जानकारी तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा डायल-112 पर दें, ताकि जिले में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा जा सके।

## खबर संक्षेप

### आम लंगर का प्रोग्राम सम्पन्न

**हिण्डोरिया।** स्थानीय जमादार तालाब के पास वाले मैदान में नसीर खान एवं रहीस खान की जानिब से हजरत ईमाम- हुसैन रजि. एवं शहीदाने करबला की वालों की कुरबानी की याद मे आम लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर तमाम आलम,अपने वतन एवं अपनी बस्ती के तमाम इंसानों के हक मे उनकी इकजेहती, अपनो अमान, तरक्की, खुशहाली , सेहतयाबी एवं लम्बी उम्र की दुआ मांगी गई। आम लंगर मे नगर सहित आसपास के इलाकों के सैकड़ों मुस्लिम भाईयों ने शिरकत की।

### झाड़ू लगाते समय जहरीले सांप ने डसा, मौत

**बड़ामलहरा।** अनुविभाग के ग्राम पुतरीखेरा में सोमवार तड़के सर्पदंश की दर्दनाक घटना में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घर में झाड़ू लगाते समय जहरीले काले सांप नें महिला को डस लिया। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम पुतरीखेरा निवासी बाबाबाई यादव (50) सोमवार सुबह करीब 5 बजे अपने घर में दैनिक कार्य कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ू लगाते समय घर में छिपे एक जहरीले काले सांप ने उन्हें डस लिया।

### भवन के अभाव में बच्चों को मैदान में बैठने की मजबूरी

# आंगनबाड़ी केंद्र खुले आसमान के नीचे हो रहा है संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



शासन द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा देने के साथ-साथ किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयों का वितरण तथा टीकाकरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए शासन द्वारा शासकीय भवन की व्यवस्था की जाती है। भवन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में केंद्रों को किराए के भवन अथवा शासकीय स्कूल परिसर के अतिरिक्त कक्षों में संचालित किए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद दमोह जिले के तेंदूखेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया शिवलाल के आश्रित ग्राम पिडरई में आंगनवाड़ी केंद्र खुले मैदान में संचालित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जब मौके पर जाकर स्थिति देखी गई तो मामला सही पाया गया। ग्राम पिडरई की प्राथमिक शाला परिसर के मैदान में छोटे-छोटे बच्चे खुले आसमान के नीचे बैठकर पढ़ाई करते मिले। आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 120 की सहायिका अस्मिता ठाकुर ने बताया कि केंद्र में 50 से अधिक बच्चे दर्ज हैं। वर्तमान में केंद्र के पास न तो शासकीय भवन है और न ही किराए का भवन उपलब्ध है। कुछ समय तक प्राथमिक शाला के एक कमरे में आंगनवाड़ी संचालित हो रही थी, लेकिन स्कूल भवन की स्थिति जर्जर होने और स्थान की कमी के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा वहां केंद्र लगाने से मना कर दिया गया। इसके बाद मजबूरी में खुले मैदान में आंगनवाड़ी लगानी पड़ रही है। ग्रामीण गिरधारी सिंह परस्ते, बृजेश परस्ते सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मैदान में चारों ओर घास और कचरा फैला हुआ है। बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। ऐसे में छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनवाड़ी केंद्र के लिए नए भवन का निर्माण कराया जाए। जब तक स्थायी भवन उपलब्ध नहीं होता, तब तक केंद्र को किराए के सुरक्षित भवन में संचालित करने की व्यवस्था की जाए। इस संबंध में प्रभारी परियोजना अधिकारी राजू नामदेव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिन आंगनवाड़ी केंद्रों के पास शासकीय भवन उपलब्ध नहीं है, उन्हें किराए के भवन में संचालित किया जाना है। खुले मैदान में आंगनवाड़ी संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

## क्रिकेट मैच एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन

पुलिस मुख्यालय के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के नेतृत्व में संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत पुलिस परेड ग्राउंड, दमोह में मैत्री क्रिकेट मैच एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं में जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं आपसी समन्वय का उत्कृष्ट परिचय दिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश एवं ऊर्जा के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना नहीं, बल्कि खेलों के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं, जबकि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज को कमजोर करता है। इसलिए सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प भी लिया तथा अधिक से अधिक लोगों को इस जनजागरूकता अभियान से जोड़ने का संदेश दिया। आयोजन के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, सीएसपी एचआर. पांडेय ,एसडीओपी तेन्दूखेड़ा अर्चना अहीर,एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, रक्षित निरी. अभिनय साहू, आकांक्षा जोशी, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## यातायात पुलिस ने छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को यातायात थाना प्रभारी दलवीर सिंह मार्को ने नवजाग्रति हायर सेकेंडरी स्कूल, दमोह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया। विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने, 18 वर्ष से कम आयु में वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने तथा एम्बुलेंस सहित आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देकर रास्ता देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई।इस दौरान राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर अस्पताल पहुंचाकर जीवन बचाने के महत्व के साथ प्रधानमंत्री राहत योजना एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा सभी से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई।



## वन विभाग और ग्रामीणों के बीच भूमि को लेकर विवाद, पौधारोपण कार्य रोकने की मांग

**तेंदूखेड़ा।** उपवन मंडल अंतर्गत ग्राम सेहरी और धनेटा माल के ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौधारोपण एवं निर्माण कार्य को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व एवं अध्यक्ष, उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति तेंदूखेड़ा को सामूहिक आवेदन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग द्वारा उस भूमि पर पौधारोपण और अन्य कार्य कराए जा रहे हैं, जिस पर वे पिछले लगभग 35 वर्षों से खेती करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर उनका वन अधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत दावा प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। ऐसे में दावों के निराकरण से पहले किसी भी प्रकार की कार्रवाई से उन्हें प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। सौंपे गए आवेदन में रामप्रसाद गौंड, चैतू गौंड, बतीबाई, संतोष, हल्केभाई सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उनके वन अधिकार दावों का उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा सत्यापन भी किया जा चुका है और प्रकरण प्रक्रिया में है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीट झलौन के कक्ष क्रमांक 164 में वन परिक्षेत्र कार्यालय झलौन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण के लिए घेराबंदी और निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके वर्षों पुराने कब्जे और खेती प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मांग की है कि जब तक वन अधिकार दावों का अंतिम निराकरण नहीं हो जाता, तब तक संबंधित भूमि पर पौधारोपण एवं निर्माण कार्य रोक दिए जाएं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और लंबित वन अधिकार दावों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने पात्र पाए जाने वाले दावेदारों को वन अधिकार पट्टे प्रदान करने की भी मांग की है। आवेदन के साथ ग्रामीणों ने पूर्व में दिए गए आवेदन, ग्राम सभा के प्रस्ताव, वन अधिकार दावों की पावती और वनमित्र ऐप से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं और प्रशासन से नियमानुसार समाधान की अपेक्षा रखते हैं।

## असाटी समाज ने किया प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




रानी दमयंती की पावन नगरी दमोह में अखिल भारतीय असाटी वैश्य समाज महासभा के तत्वावधान में असाटी समाज समिति दमोह के संयोजन में 11वाँ अखिल भारतीय प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह–2026 अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक एकता को समर्पित इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, आईआईटी, नीट एवं अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवॉर्ड एवं दृष्टिहीन बिटिया को लेपटॉप हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय असाटी द्वारा राशि सहित साथ ही सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं का सम्मान कर समाज ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी संदेश दिया तथा समाज की नई पीढ़ी को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान की। समारोह में मुख्य अतिथि पंकज असाटी (**GM NHAI**, नई दिल्ली) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज असाटी, जबलपुर श्रीमती डॉ माधुरी (इंदौर), डॉ. चंपालाल जी फुटेरा, श्री सुनील असाटी 'मंचू' (अध्यक्ष, असाटी समाज समिति जबलपुर) सौरभ गोविंददास असाटी छतरपुर, डॉ भरत असाटी इंदौर, दिलीप असाटी तिरोड़ा अध्यक्ष गोंदिया क्षेत्र, सतीश नायक सागर शिवम असाटी रेलवे भोपाल, अभिषेक असाटी दमोह अनेक गणमान्य अतिथियों माननीय मंत्री लखन पटेल, आनंद विभाग म. प्र. शासन, मनु मिश्रा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य संरक्षक वीरेंद्र असाटी पूर्व अध्यक्ष डॉ रमेश असाटी बड़ा मलहरा अशोक गुप्ता भोपाल इंजीनियर रमेश असाटी दमोह एवं युवा साथियों के साथ ही मंच पर अखिल भारतीय महिला अध्यक्ष श्रीमती नीतू राजकुमार इंदौर एवं श्रीमती मालती असाटी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमोह एवं अखिल भारतीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत नायक मड़ावरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, सामाजिक एकता एवं समाजहित में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। विशेष रूप से युवा वक्ताओं ने नई पीढ़ी से शिक्षा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस भव्य आयोजन के सफल संयोजन का श्रेय असाटी समाज समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, व कार्यक्रम की मुख्य व्यवस्थाएं जगदीश पप्पू असाटी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ बृजेन्द्र असाटी समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं सकल असाटी समाज के प्रत्येक समाज बन्धु को जाता है जिनके अथक परिश्रम, ने इस समारोह को अत्यंत सफल, अनुशासित एवं अविस्मरणीय बना दिया। सम्मान कार्यक्रम समापन पर श्रीमती विद्या राजेंद्र चंदू द्वारा असाटी द्वारा समस्त पधारे समाज बंधु मातृशक्ति, छात्र एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सकल असाटी समाज, दमोह का सहयोग, समर्पण एवं आत्मीय सहभागिता आयोजन की सबसे बड़ी शक्ति रही। समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं, स्वयंसेवकों एवं सभी सहयोगियों ने मिलकर इस समारोह को सफल बनाया। उनके अमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक भावना के प्रति अखिल भारतीय असाटी महासभा हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त करती है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ संजय असाटी (पुणे)संयोजक अखिल भारतीय शिक्षा समिति, श्रीमती कंचन सत्यप्रकाश असाटी (राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष) एवं अखिल भारतीय असाटी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश असाटी ने किया। समारोह के समापन अवसर पर अखिल भारतीय असाटी महासभा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित भव्य लकी ड्रॉ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंतिम क्षण तक बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। लकी ड्रॉ का प्रथम पुरस्कार 165 लीटर का रेफ्रिजरेटर श्रीमती नंदा मुकेश असाटी (फ्रेश एंड फाइन), दमोह को प्राप्त हुआ। सम्मान समारोह एवं लकी ड्रॉ ने पूरे आयोजन को उत्साह, सौहार्द और आत्मीयता से भर दिया तथा शिक्षा, संस्कार, संगठन एवं सामाजिक एकता का प्रेरक संदेश दिया।

### जनसुनवाई में 280 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत आज कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी ने सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 280 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 15 आधार अपडेशन एवं 180 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर रानी अहिरवार, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने सहभागिता निभाई।

## नरगुवा रैयत में पेयजल संकट, चार महीने से बंद है सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सरकार भले ही 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत नरगुवा के आश्रित ग्राम नरगुवा रैयत में पिछले चार माह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। भीषण गर्मी बीत जाने और अब बारिश का मौसम होने के बाद भी ग्रामीणों को पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। समस्या से आक्रोशित ग्राम नरगुवा रैयत के समस्त ग्रामीणों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेंदूखेड़ा को एक लिखित आवेदन सौंपकर पानी की सप्लाई तुरंत बहाल करने की मांग की है

### पुल के पास टूटी है मुख्य पाइपलाइन

ग्रामीणों बताया कि गांव में लगभग 90 परिवार निवास करते हैं, जो पूरी तरह जल जीवन मिशन की पाइपलाइन पर निर्भर थे लेकिन अप्रैल माह में गांव के बाहर बने पुल के पास मुख्य पेयजल पाइपलाइन टूट गई थी। इसके बाद से आज तक जल प्रदाय व्यवस्था सुधारी नहीं जा सकी है। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों पर दोहरी मारपानी की सप्लाई बंद होने से गांव की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मीलों दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जल्द सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने सौंपे गए आवेदन में मांग की है कि टूटी हुई पाइपलाइन का तुरंत परीक्षण कराया जाए और आवश्यक सुधार कार्य करवाकर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस दौरान मनीषा गोंड, शिल्पा गोंड, द्रोपती गोंड, रामप्रसाद, चरन, बहना, जाहर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आवेदन की एक प्रति मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा को भी भेजी गई है।

## सारसबगली में आम रास्ते के विवाद पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत की अंतर्गत ग्राम सारसबगली में सार्वजनिक रास्ते को लेकर चल रहा विवाद तहसील कार्यालय पहुंच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर आम रास्ते पर कथित अतिक्रमण हटाने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे आमरण अनशन शुरू करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक उपयोग के रास्ते पर कब्जा किए जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने पहले स्थानीय स्तर पर शिकायत की थी, लेकिन समाधान नहीं होने पर दमोह कलेक्टर से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर तहसील कार्यालय में ग्रामीणो की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान तहसीलदार विवेक व्यास ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अमले से प्रतिवेदन प्राप्त किया तथा सीमांकन और अभिलेखों के आधार पर जांच के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर स्थायी समाधान की मांग की। उनका कहना था कि यदि जांच के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वे तहसील कार्यालय के सामने आमरण अनशन करेंगे। इस मामले में तहसीलदार विवेक व्यास ने बताया कि सारसबगली के कुछ ग्रामीण सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर आए थे। पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त करने पर प्रथम दृष्टया जिस भूमि पर कब्जे की बात सामने आई है, वह निजी भूमि है। इसके बावजूद दोनों पक्षों से चर्चा की गई है और ग्राम पंचायत को प्रस्ताव पारित करने के लिए कहा गया है। यदि भविष्य में उस भूमि की सार्वजनिक मार्ग के रूप में आवश्यकता है तो नियमानुसार अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि जब तक विवाद का अंतिम निराकरण नहीं हो जाता, तब तक किसी भी स्थिति में रास्ता बंद नहीं होने दिया जाएगा। वर्तमान में ग्रामीणों का आवागमन जारी है और संबंधित भूमि स्वामी को भी निर्देशित किया गया है कि वह रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न न करे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आमरण अनशन की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि प्रशासन मामले का विधिसम्मत समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन का कहना है कि राजस्व अभिलेख, सीमांकन और दोनों पक्षों के दावों की जांच के बाद नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा भी बनी रहे और भूमि संबंधी विवाद का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, सुविधाओं के विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सी.जी. गोस्वामी को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सुरक्षा और प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता लेखराम साहू, बी.एस. सोनी, गोपाल सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार अठ्या सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने बताया कि तेंदूखेड़ा जनपद क्षेत्र लंबे समय से कई मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना कर रहा है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों, गरीब एवं आदिवासी वर्ग के लोगों को परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन की प्रमुख मांगों में तेंदूखेड़ा नगर में लगभग 35 वर्षों से संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) को पुनः प्रारंभ करना शामिल है। अधिवक्ताओं का कहना है कि आईटीआई को नोहटा में समायोजित किए जाने के बाद विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय कर अध्ययन के लिए जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग करते हुए तेंदूखेड़ा नगर में 100 बिस्तरीय सर्वसुविधायुक्त शासकीय अस्पताल खोलने की मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत लगभग 184 गांव आते हैं और क्षेत्र की बड़ी आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दमोह एवं जबलपुर पर निर्भर है। शिक्षा के क्षेत्र में तेंदूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्नयन करने, नगर में शासकीय कन्या महाविद्यालय खोलने तथा पूर्व में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। ज्ञापन में क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योग स्थापित करने, अपराधों की रोकथाम के लिए सैलवाड़ा, समनापुर, सर्रा, झलौन, सांगा और माड़नखेड़ा में पुलिस चौकियां खोलने तथा तेंदूखेड़ा बस स्टैंड पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा झलौन और तारादेही राजस्व मंडलों में उप तहसील खोलने, तेंदूखेड़ा उप कृषि उपज मंडी को पूर्ण कृषि उपज मंडी का दर्जा देने, स्थानीय स्तर पर मटर एवं मक्का की खरीदी व्यवस्था कराने सहित किसानों और व्यापारियों से जुड़ी मांगों को भी ज्ञापन में शामिल किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। यदि इन 14 सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है तो क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने ज्ञापन प्राप्त कर अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि मांगों को शासन स्तर तक भेजा जाएगा और संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्राचार किया जाएगा।

एक घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे, पुलिस ने रेस्क्यू कर चालक-परिचालक को निकाला बाहर

# बोलेरो को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा परिचालक गंभीर घायल, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा





दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर जबेरा-सिंग्रामपुर के बीच दानीताल जंगल स्थित सिद्ध बाबा के पास मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रही बोलेरो को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और परिचालक वाहन के केबिन में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविंद्र बागरी के नेतृत्व में सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, प्रधान आरक्षक रामगोपाल, आरक्षक शैलेंद्र, आरक्षक प्रशांत दुबे तथा डायल-112 के पायलट महेंद्र ठाकुर भी मौजूद रहे।

पुलिस और डायल-112 की टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए ट्रक के केबिन में फंसे चालक और परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि परिचालक ट्रक के केबिन में गंभीर अवस्था में फंसा हुआ था। उसे रेस्क्यू कर तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया। घायल परिचालक की पहचान भरत यादव, निवासी झांसी के रूप में हुई है। वहीं ट्रक चालक को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में पदस्थ डॉक्टर शोएब अहमद खान ने घायल भरत यादव का प्राथमिक उपचार किया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। हादसे के कारण दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर करीब एक घंटे से अधिक समय तक यातायात बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था संभालते हुए धीरे-धीरे जाम खुलवाया और हाईवे पर आवागमन को पुनः सुचारू कराया।

मांगें नहीं मानी गईं तो 8 अगस्त से बस हड़ताल की चेतावनी...

## बस ऑपरेटर संघ ने जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** दमोह जिला बस ऑपरेटर संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कार्यकारी अध्यक्ष राजा राय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर को विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बस ऑपरेटरों ने राय चौराहा और पलंदी चौराहा होकर छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना तथा हटा से आने वाली यात्री बसों को बस स्टैंड में प्रवेश के लिए एकल मार्ग (वन-वे) व्यवस्था लागू करने की मांग की है। संघ ने जिले में संचालित ऑटो रिक्शाओं पर भी कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम एवं नगर स्तर तक सीमित रहने वाले ऑटो रिक्शा नियमों के विपरीत एक गांव से दूसरे गांव तथा दमोह से लगभग 40 किलोमीटर की परिधि तक यात्रियों का परिवहन कर रहे हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा होने के साथ-साथ यात्री बसों के संचालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि ऑटो रिक्शाओं का संचालन केवल निर्धारित ग्राम एवं स्थानीय क्षेत्र तक ही सीमित किया जाए। इसके अलावा जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यात्री बसों के नॉन-यूज आवेदनों के साथ शपथ पत्र अनिवार्य किए जाने की व्यवस्था समाप्त करने तथा 15 वर्ष पुरानी यात्री बसों के पंजीयन निरस्तीकरण के आवेदन की तिथि से ही पंजीयन निरस्त करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री एवं परिवहन आयुक्त के नाम एक अलग ज्ञापन भी सौंपा। इसमें 26 जुलाई को सागर में आयोजित प्रांत स्तरीय बस ऑपरेटर यूनियन की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि आठ सूत्रीय मांगें 7 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक पूरी नहीं की गईं, तो 8 अगस्त से दमोह जिले सहित पूरे प्रदेश में यात्री बसों का पूर्ण चक्का जाम (हड़ताल) किया जाएगा। ज्ञापन के साथ आठ सूत्रीय मांग पत्र भी संलग्न किया गया, जिसमें बस किराया वृद्धि, मार्गों के राष्ट्रीयकरण संबंधी अधिसूचना निरस्त करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष राजा राय, सचिव शमीम कुरैशी, उपाध्यक्ष बंटी राय, उपाध्यक्ष करण सिंह परिहार, हटा बस यूनियन के अध्यक्ष पंडित अशोक पराशर, प्रमोद राय, अकबर खान, अमजद खान, विक्की जैन, नवीन जैन सहित अनेक बस ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## 108 एम्बुलेंस सेवा में लापरवाही पर कंपनी को कारण बताओ नोटिस

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने 108 एम्बुलेंस सेवा संचालित करने वाली JAES Project (I) Pvt. Ltd. को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेशानुसार पथरिया ब्लॉक के ग्राम मिसर पिपरिया निवासी प्रसव पीड़िता को समय पर 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। देरी के कारण निजी वाहन से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में नवजात की मृत्यु हो गई। सीएमएचओ डॉ. राय ने मामले की तत्काल जांच कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जा सके।

## निःशुल्क दर्द निवारक शिविर आज

**दमोह।** स्वर्गीय श्री कमल कुमार जैन की पुण्यतिथि पर सम्यक हेल्थ केयर सेंटर आशीर्वाद गार्डन के पास दिनांक 29 जुलाई 2026 बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5ःबजे तक निःशुल्क दर्द निवारक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।उक्त विज्ञप्ति डॉ. अकलेश जैन ने प्रसारित करते हुए बताया कि शिविर मेंजबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक श्री रमेश चड्ढा जो दुर्लभ जड़ी बूटियों के लेप के माध्यम से लकवा घुटनों का दर्द साइटिका का निःशुल्क इलाज करेंगे। इस शिविर में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राहुल राजपूत जो फ्रोजन शोल्डर,सवाईकल दर्द,घुटनों का दर्द के उपचार के साथ डॉ. शिवानी सोनी,डॉ.सुधीर,डॉ.अकलेश जैन उपचार में उपनी सेवाएं देगें।आयोजक द्वारा सभी से शिविर में लाभ लेने की अपील की ।

पटेरा संकुल प्राचार्य भी इसी सूची में शामिल : दो दिन में मांगा जवाब

## ई अटेंडेंस कम पाए जाने पर बीईओ ने किए 50 लोक सेवकों को नोटिस जारी

**पटेरा।** शासन द्वारा स्कूलों में ई अटेंडेंस को अनिवार्य करने के बाद भी शिक्षकों की ई उपस्थिति कम पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी के निर्देश दिए थे। पटेरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे ने 50 लोक सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है। इस सूची में पटेरा संकुल प्राचार्य वंदना गुप्ता भी शामिल है जिन्होंने मात्र तीन दिन ई अटेंडेंस लगाई है। जो चर्चाओं में है। जारी सूचना पत्र में इसे शासन के आदेशों का उल्लंघन माना है एवं उक्त कृत्य पढ़िए दायित्वों के निर्वहन में अनुशासन हीनता का सूचक माना है। दो दिवस में समाधान कारक जवाब न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही करने की बात लेख की गई है। चर्चाओं में है कि जिसे पूरे क्षेत्र की ई अटेंडेंस की जिम्मेदारी है वह स्वयं अपनी ही उपस्थिति नहीं डाल पा रहे है। क्या वरिष्ठ अधिकारी कार्यवाही की कोई सार्थक पहल करेंगे या इसी प्रकार नोटिस बाज़ी में उलझा रहेगा।

## देवरहा बाबा सिद्ध आश्रम में आज गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव



**दमोह।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जय श्रीमन नारायण गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव का आयोजन 29 जुलाई 2026 को योगिराज देवरहा बाबा सिद्ध आश्रम, कृष्णाम्बरा पीठ, रनेह, तहसील हटा, जिला दमोह में किया जाएगा।आयोजन प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा। इस दौरान गुरु पूजन, धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के साथ श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से इस पुनीत एवं पावन धार्मिक आयोजन में परिवार सहित उपस्थित होकर गुरु-कृपा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर, तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित

## ई-अटेंडेंस के लिए नाला पार करते शिक्षक का वीडियो वायरल, बीईओ बोले- जान जोखिम में न डालें



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में मंगलवार की दरमियानी रात हुई तेज बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। लगातार बारिश के चलते कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। तेंदूखेड़ा से होकर गुजरने वाली गौरैया नदी में भी जलस्तर बढ़ गया, जिससे आसपास के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत पड़ रही है। बारिश के कारण जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बादीपुरा और अमवाही का संपर्क भी प्रभावित हुआ है। दोनों गांवों के बीच स्थित पुल पर पानी का तेज बहाव होने से पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, पुल पर पानी होने के कारण आवागमन बंद हो गया है, जिससे सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। रास्ता बंद होने के कारण कई छात्र स्कूल नहीं पहुंच पाए। ग्रामीणों ने बताया कि तेज बहाव के बीच पुल पार करना जान जोखिम में डालने जैसा है। इसी बीच तेजगढ़ संकुल अंतर्गत बरखेड़ा में एक शिक्षक के नाला पार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में शिक्षक पानी के तेज बहाव के बीच नाला पार करते दिखाई दे रहे हैं। मामले को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके संज्ञान में वीडियो आया है। यह वीडियो बरखेड़ा प्राथमिक शाला के शिक्षिक का है, जो तेजगढ़ संकुल के अंतर्गत आती हैं। बीईओ जुगल शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में शिक्षकों को अपनी सुरक्षा को जोखिम में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि ई-अटेंडेंस दर्ज करने के लिए डीपीआई आयुक्त, जिला कलेक्टर एवं डीईओ द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी स्थान पर प्राकृतिक आपदा या रास्ते में बाधा की स्थिति हो तो शिक्षक संकुल प्राचार्य, बीईओ से संपर्क कर नजदीकी विद्यालय से ई-अटेंडेंस दर्ज कर सकते हैं। क्षेत्र में बारिश के साथ विद्युत व्यवस्था भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों और नगरवासियों का कहना है कि कई दिनों से बिजली की सप्लाई बार-बार बाधित हो रही है और घंटों तक बिजली बंद रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से नगर में पेयजल सप्लाई भी बाधित हुई। वहीं बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं प्रशासन ने लगातार बारिश को देखते हुए लोगों से अपील की है कि उफनते नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों को पार करने का प्रयास न करें। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में संबंधित विभाग को सूचना देने की अपील की है।

## मूंग खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयरों की मनमानी की जांच हो

**पथरिया।** शासन द्वारा ग्रीष्म कालीन मूंग की खरीदी की जा रही है जिसके तहत पथरिया ब्लाक में 3 केंद्र बनाए गए हैं लेकिन शासन के दिशा निर्देश के बाद भी किसानों से लेन देन का किया जा रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है वही कुछ समितियों द्वारा निरंतर गड़बड़ी करने के बाद भी उन्हीं को पुनः खरीदी दिया जाना कही ना कही अधिकारियों की मिली भगत नही तो क्या है। वही सबसे खास बात यह है कि खरीदी केन्द्रों पर समिति के कर्मचारी के अलावा प्राईवेट कर्मचारी रखें गये है जो लेन देन कर रहे हैं ऐसे में अगर शिकायत हो तो जिम्मेदार खुद किनारा कर सकें इसलिए यह सब खेल चल रहा है। जिला कलेक्टर से मांग है कि खरीदी केन्द्रों पर निष्पक्ष जांच हो।

## शुभ कार्यों में लगा विराम, श्रीहरि अगले चार माह योग निद्रा में

इस बीच भोलेनाथ लगाएंगे बेड़ापार, आज मनाईं जाएगी गुरु पूर्णिमा और 30 से सावन

**हटा।** श्री हरि भगवान विष्णु सृष्टि का संचालन कर भगवान भोलेनाथ को सौंप कर 118 दिन के लिए योग निद्रा में जाकर विश्राम करेंगे। 20 नवंबर देवउठनी एकादशी तक सृष्टि संचालन का कार्यभार भगवान शिव ही संभालेंगे। इस दौरान कोई मांगलिक कार्य नहीं होगे। हालांकि व्रत त्यौहार जरूर मनाए जाएंगे। इस संबंध में आचार्य बृजेश बडगैया ने बताया कि देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास शुरू होता है। देव शयनी एकादशी के दिन को लेकर कहा जाता है कि भगवान विष्णु 4 महीने की योग निद्रा में चले जाते हैं। इन चर महीनों में सृष्टि की भाग दौड़ भगवान शिव के हाथ में होती है और चूंकि भगवान शिव इस प्रकृति के बीज भी हैं। ऐसे में प्रकृति में चार माह में अपने यौवन पर होती है। इसलिए देवशयनी एकादशी से प्रकृति के सरे नियंत्रण भगवान शिव के हाथ में होते हैं। देवशयनी एकादशी हिंदू परंपरा में एक श्रेष्ठ पर्व है। हालांकि इन चर महीने में किसी भी तरह के मंगलिक कार्य नहीं होते। जैन धर्मावलंबी भी इस चातुर्मास को मानते है और इन चार महीने में उनके मुनि एक स्थान पर रुक कर आध्यात्म के मार्ग को प्रबल करते हैं।

## 13 दिन बाद श्री देव जगदीश स्वामी की मंदिर में हुई वापसी

**दमोह।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी (श्री देव जगदीश स्वामी) 13 दिन के प्रवास के बाद अपनी मौसी नीलांचल से पुरेना तालाब स्थित श्री देव जगदीश स्वामी मंदिर में शुभ एवं मंगलमय वापसी कर विराजमान हुए।इस अवसर पर शोभानगर स्थित पंडित महेश पांडेय के निवास से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली यात्रा का श्रद्धालुओं ने अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं आरती कर भव्य स्वागत किया। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग ने बताया कि लगभग एक माह के अंतराल के बाद अब श्रद्धालुओं को श्री देव जगदीश स्वामी के नियमित दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी से सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

## चिंता से पुण्य, ज्ञान और आयु की होती है हानिः मुनि श्री सुश्रुत सागर

**दमोह।** श्री देव शांतिनाथ दिगंबर जैन भाईजी मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतिम दिवस मुनि श्री सुश्रुत सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिंता करने से पुण्य की हानि, ज्ञान का नाश और बुद्धि क्षीण होती है। यदि जीवन में सुख, शांति और आनंद चाहिए तो संक्लेश तथा अनावश्यक आग्रह का त्याग करना होगा।उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि वाले व्यक्ति का स्वभाव मुक्ताग्रही होना चाहिए। जहाँ आग्रह होता है, वहाँ संक्लेश उत्पन्न होता है। उबलते हुए पानी में जैसे चेहरा दिखाई नहीं देता, उसी प्रकार संक्लेश से भरे मन में शांति और आत्मचिंतन संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि संक्लेश से आयु भी क्षीण होती है और व्यक्ति समय से पहले ही थका हुआ प्रतीत होने लगता है।मुनिश्री ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा बताते हुए कहा कि विधान एवं पूजन से जीवन में सहजता, सरलता और सकारात्मकता आती है। जैसा बीज बोया जाता है, वैसा ही फल प्राप्त होता है।प्रवचन से पूर्व बक्सवाहा से आए श्रद्धालुओं एवं नेमीनगर कॉलोनी के भक्तों ने द्रव्य समर्पित किया। प्रोफेसर पी.एल. जैन, एम.एल. जैन तथा बांदकपुर के दीपक जैन ने शास्त्र भेंट कर पुण्यार्जन किया।महामस्तकाभिषेक का सौभाग्य श्रीमती सरिता प्रवीण जैन (महावीर रोड लाइंस), पवन जैन (जैन चश्मा) तथा ममता कमलेश जैन (इमलिया) को प्राप्त हुआ।आयोजकों ने बताया कि बुधवार प्रातः 9 बजे विश्व शांति महायज्ञ एवं भगवान की शोभायात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन होगा।

## गुरु पूर्णिमा का वास्तविक स्वरूप गुरु-परम्परा में निहितः श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह/।** गुरु पूर्णिमा केवल किसी एक व्यक्ति के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की अखंड गुरु-शिष्य परम्परा के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। यह विचार श्री महंत डॉ. श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक ने अपने गुरु पूर्णिमा संदेश में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में व्यक्ति नहीं, बल्कि गुरु-परम्परा सर्वोपरि होती है। किसी भी संत, महंत या आचार्य का वास्तविक गौरव उनके गुरु, सद्गुरु, परमगुरु, जगद्गुरु और सम्प्रदाय से प्रतिष्ठित होता है।



शिष्य की पहचान उसके गुरु से तथा गुरु की पहचान उनके गुरु से होती है। यही अखंड श्रृंखला सनातन धर्म की आत्मा है।महंत डॉ. श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक ने कहा कि जहाँ परम्परा पीछे छूट जाती है और व्यक्ति आगे आ जाता है, वहाँ गुरु-तत्त्व की पूर्ण अभिव्यक्ति संभव नहीं हो पाती। उन्होंने अपने जीवन और कृतित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा साधक वही है जो अपनी गुरु-परम्परा में पूर्ण समर्पित होकर गौरव प्राप्त करता है। व्यक्तिगत प्रसिद्धि से अधिक महत्वपूर्ण गुरु-परम्परा के विशाल वटवृक्ष की छाया में समाहित होना है।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीप में घृत, पुष्प में सुगंध और फल में माधुर्य अभिन्न रूप से विद्यमान रहते हैं, उसी प्रकार गुरु-भक्ति की सार्थकता भी गुरु-परम्परा में आत्मसात होने से ही सिद्ध होती है।अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, साधकों एवं भक्तों से आह्वान किया कि गुरु पूर्णिमा महापर्व को साकेतधाम एवं तपोवन आश्रम, नक्की घाट में गुरु-परम्परा की दिव्य भावना के साथ मनाएं तथा गुरु-कृपा के अधिकारी बनें। उन्होंने कहा कि यही गुरु-भक्ति की सच्ची साधना और गुरु पूर्णिमा का वास्तविक संदेश है।

## तानखेडी वासियों का हिण्डोरिया से संपर्क टूटा

### आधा किलोमीटर छूटी कच्ची सड़क आवागमन मे मुसीबत बनी



**हिण्डोरिया।** समीपस्थ ग्राम पंचायत कादीपुर के ग्राम तानखेडी.एवं पटरियां टोला के निवासियों का वर्तमान में भरी बरसात में आधा किलोमीटर की कच्ची सड़क के दलदल नुमा हालात हो जाने के चलते हिण्डोरिया से लगभग सम्पर्क टूट गया है। इन ग्राम वासियों को लगभग 03 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके मजबूरन तानखेडी.वाया लुहर्रा होते हुये हिण्डोरिया आना जाना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में ग्राम मित्र मण्डल के अध्यक्ष सुदामा पटेरया, सदस्य रामकुमार तिवारी, कन्हैया अहिरवार, राधा बाई अहिरवार, हरिशंकर अठया, आकाश अठया, राज प्यारी अहिरवार आदि ने बताया कि वर्तमान में हिण्डोरिया से जुहरयाऊ हार गुलाब सिंह के खेत तक लगभग 04 किलोमीटर की सीसी युक्त सड़क नगर परिषद हिण्डोरिया ने अपनी सीमा तक पिछले वर्ष बना दी थी। मात्र आधा किलोमीटर की सड़क का तानखेडी.मुख्य डामर युक्त सड़क के मोड़ तक का निर्माण कार्य शेष रह गया था। इस कारण से आज तानखेडी.एवं पटरियां टोला का सीधा हिण्डोरिया तक आवागमन बंद हो गया है। आज तानखेडी.एवं पटरियां टोला के निवासियों को ना चाहकर भी लगभग 03 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर तानखेडी.वाया लुहर्रा होकर हिण्डोरिया आना जाना पड़ रहा है। इससे ग्राम वासियों का समय एव पैसा दोनों बरबाद हो रहा है। पटरियां टोला निवासी बीए मे अध्ययनरत छात्रा रश्मि अहिरवार ने बताया कि हमे कालेज दमोह आवागमन में कच्ची एवं दलदल नुमा सड़क के कारण बहुत परेशानी नित उठाना पड़ रही है। टोला के छोटे बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने हिण्डोरिया एवं ग्राम तानखेडी.गाँव तक पैदल तक आने जाने मे दिक्कतें आ रहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने विधायक उमा देवी खटीक एवं सरपंच को समस्या से अवगत कराया।फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। सरपंच रामचंद्र अहिरवार ने बताया कि पंचायत के पास कोई इतनी निधि नही है जिससे उक्त अधूरी आधा किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य करा सकें। हमने क्षेत्रीय विधायक से सड़क निर्माण कार्य करने मदद मांगी थी मगर मांग लम्बित है। ग्राम मित्र मण्डल तानखेडी.एवं ग्रामवासियों ने शासन प्रशासन, क्षेत्रीय विधायक, कलेक्टर एवं सभी जबाबदार अधिकारियों से व्यापक जनहित मे इस ओर ध्यान देकर शेष आधा किलोमीटर लम्बी कच्ची सड़क को शीघ्र दुरूस्त कराने की मांग की है।

## खंबों में दौड़ता करंट बना मौत का जाल

### एक सप्ताह में दो गर्भवती गायों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



**बनवार।** दमोह जिले के ग्राम गुजी (Gunji) में बिजली विभाग की लापरवाही अब जानलेवा साबित हो रही है। गांव में बिजली के खंभों के अर्थिंग तारों में करंट दौड़ने से एक सप्ताह के भीतर दो गर्भवती गायों की मौत हो गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार खंभों में लगे अर्थिंग और सपोर्ट के लिए जमीन में गाड़े गए तारों में लगातार करंट आ रहा है। इसकी सूचना कई बार बिजली विभाग को दी गई, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन एक के बाद एक दो मवेशियों की जान चली गई। ताजा मामला मंगलवार सुबह करीब 8 बजे का है, जब करंट की चपेट में आने से एक और गर्भवती गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना देने के बावजूद दोपहर तक बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। पीड़ित पशु मालिक ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चे खेलते समय इन तारों के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके विभाग किसी बड़ी जनहानि का इंतजार करता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।